A REPORT ON NIRDHAN JAN SEWA CAMP ORGANISED AT VILL. AIN & KALIRETA, BLOCK. SAROJININAGAR OF DISTT. LUCKNOW ON. 23.01.2024

भावना के सप्तम् शीतकालीन सहायता शिविर की प्रगति रिपोर्ट।

भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ द्वारा,जन जागरूकता एवं कम्बल वितरण के प्रयोजनार्थ,सप्तम् शीतकालीन सहायता शिविर जनपद लखनऊ विकास खण्ड सरोजिनी नगर के ग्राम ऐन के मिनी सचिवालय में दिनाँक 23-01-2024(मंगलवार)को आयोजित किया गया जिसमें ग्राम ऐन तथा कलीरेता के निवासियों की सहभागिता रही।

उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए भावना निर्धन जनसेवा प्रकोष्ठ के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया ने राज्य सरकार व केंद्र सरकार की विभिन्न जन हितकारी व जन लाभकारी योजनाओं को सविस्तार बताया तथा इनमें निहित लाभ को प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से राज्य सरकार का ई-श्रम कार्ड,पात्रता के अनुसार,तथा केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का गोल्ड कार्ड बनवाने हेतु जागरूक किया।इन योजनाओं से विभिन्न अवसरों पर प्राप्त होने वाली आर्थिक सहायता/सुविधाओं से भी सभी को अवगत कराया गया। शिविर में उपस्थित,पूर्व चयनित,पात्र निर्धन वृद्धजन,विधवा तथा दिव्याँगजनों को जाड़े में ठण्ड से बचाव हेतु 114 अदद नये ऊनी कंबल (हेल्पेज इंडिया से प्राप्त 36 अदद एवं भावना द्वारा प्रबन्ध किये गये 78 अदद)दिये गये तथा पुराने उपयोगी वस्त्रों का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में भावना निर्धन जन सेवा के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया,श्री जग मोहन लाल जायसवाल महासचिव (कार्यान्वयन) भावना,श्री सुनील कुमार उप्रेती उपकोषाध्यक्ष भावना,श्री सुरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव सदस्य भावना, श्री सुनील कुमार सिंह प्रधान प्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक श्री प्रकाश चन्द्र सिंह,श्री श्याम करण सिंह सहित अनेक भद्रजन उपस्थित रहे।

--प्रभात किरण चौरसिया

संयोजक निर्धन जन सेवा